## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में यह संकल्प लें कि आगामी 13 मई को अपने नजदीकी मतदान केन्द्रों पर जाकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोटिंग जरूर करेंगे।

राजेन्द्र कुमार सिन्हा, जेएमएम, जिलाध्यक्ष, पलामू।

## पीएम के आगमन को लेकर डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पलामू आगमन को लेकर जगह जगह पर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। वहीं डाल्टनगंज के रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रशासन भी प्रधानमंत्री के आगमन पर हाई अलर्ट पर है। रेल विभाग के टीटीई, जीआरपी और आरपीएफ के द्वारा डालटनगंज स्टेशन सहित कई अन्य स्टेशनों पर टिकट की जांच की गई। साथ ही यात्रियों से इस बात की जानकारी प्राप्त की गई कि वे कहां से कहां तक का सफर कर रहे है।

## नरेन्द्र मोदी की जनसभा मे पहुंचने का किया आह्वान

**पाटन।** पाटन मंडल के भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकताओं के द्वारा के किशनपुर क्षेत्र के गाँव में जाकर 4 मई को मेदनी नगर मे होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा मे पहुंच कर भाग लेने की अपील किया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पाटन प्रमुख शोभा देवी, सुजाता सिंह समेत अन्य कार्यकताओं ने घर- घर मे पहुंच कर प्रधानमंत्री की भाषण सुनने का आह्वान किया। तथा बीडी राम को वोट देने का अपील की। कार्यकताओं के द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा में जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी के पलामू आगमन को लेकर लोगों में है उत्साह : वीडी राम

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डाल्टनगंज के चियांकी हवाई अड्डा पर आगमन होने जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पलामू संसदीय क्षेत्र के कोने- कोने से उनको देखने और सुनने आ रहे है। प्रधानमंत्री के पलामू दौरे को लेकर पूरे कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। उक्त बातें भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने भाजपा कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर पानी का पूरा इंतजाम कर दिया गया है। जगह- जगह पर पानी के टैंकर और जार की भी व्यवस्था कर दी गई है। हमें पूरी उम्मीद है कि लाखों के संख्या में लोग मोदी की सभा में आयेंगे। हर क्षेत्र में प्रधानमंत्री की जनसभा में आने आमंत्रण भेज दिया गया है। जनता को जनसभा में बुलाने का पूरा प्रयास भी किया गया है। हम उम्मीद करते है कि इस कार्यक्रम के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं में काफी उत्साह भी रहेगा और हमारे कार्यकर्ताओं और विधायकों के प्रयास से पिछली बार के मुकाबले इस बार पलामू की जनता हमें लाखो मतों से जीत दिलाएगी।




## रिफलिंग के दौरान गैस रिसाव से लगी आग

**पाटन।** किशुनपुर ओपी अंर्तगत बिसुनपुरा गांव में गैस रिफलिंग के दौरान अचानक आग लगने से बड़ी हादसा होते होते बचा। हालांकि तीन व्यक्ति सिलेंडर में आग लगने से तीन व्यक्ति झुलस गये है। घायल व्यक्तियों अभय गिरी , गौरीशंकर गिरी तथा गोरख गिरी की इलाज स्थानीय किशुनपुर के एक निजी क्लिनिक में करने के बाद अभय गिरी को बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया गया। निजी क्लिनिक के चिकित्सक ने बताया है की सभी का शरीर के निचले का हिस्से 20 प्रतिशत के करीब झुलश गया है।

## एक नजर

### मोटरसाइकिल के धक्के से युवक घायल, स्थिति गंभीर




**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के दुमी गांव निवासी 30 वर्षीय पंकज पासवान सड़क दुर्घटना में गुरुवार की रात गंभीर रूप से घायल हो हुए।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की पंकज पासवान गुरुवार की रात कुछ सामान खरीदने अपने गांव के पास के दुकान में जा रहे थे।तभी तेज गति से आ रहे मोटरसाइकिल चालक ने उन्हें धक्का मार दिया।जिसमे वह बाइक के धक्के से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल में पहुंचकर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे हैं।

### आपका पांच मिनट बदलेगा आपके पांच साल

**मेदिनीनगर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हमेशा जनहित में सक्रिय रहने वाली संस्था 'वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट' की टीम भूसही गांव पहुंची। वहां चौपाल में इकठ्ठा किसानों और बुजुर्गों को अवश्य मतदान करने की सलाह दी। साथ ही घर-आंगन तक पहुंचकर टीम वरदान ने आधी आबाद से मतदान करने की अपील की। पहली बार मतदान करने वाले कुछ उत्साही युवाओं से भी टीम वरदान की मुलाकात हुई, जो मतदान के प्रति सजग और उत्साहित दिखे। भूसही के एक टोला में महिलाओं ने अपनी समस्याओं से भी टीम 'वरदान' को अवगत कराया और जरूर वोट करने का भरोसा दिलाया। टीम के सदस्यों ने सभी ग्रामीणों को समझाया कि आपका वोट आपका अधिकार है और आपका एक वोट देश की तकदीर और तस्वीर बदल सकता है। इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान केंद्र तक जाने का आपका पांच मिनट का समय अगले पांच साल का भविष्य तय करेगा। जागरूकता अभियान में संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा मयूरेश द्विवेदी, लक्ष्य श्रेष्ठ, सुमन शर्मा,धनंजय तिवारी और डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार उपस्थित थे।

# पहली बार मतदान कर रहे युवाओं में उत्साह

**सोमू गुप्ता**

**मेदिनीनगर।** 2024 लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो चुकी है हर चौक- चौराहों पर चुनावी चर्चा होने लगी है। इस बार नये मतदाताओं में विशेष उत्साह है। चुनाव को लेकर चौपाल बैठने लगी है। इसमें यह चर्चा खास है कि इस बार एनडीए या इंडी गठबंधन का पलड़ा भारी होगा। इन सब विषयों पर आम लोगों की प्रतिक्रिया से जानने का प्रयास किया गया। प्रस्तुत है कुछ महत्वपूर्ण अंश : पहली बार मतदान करने वाले मतदाता बारहवीं पास 19 वर्षीय **प्रीतम कुमार** ने बताया कि मैं इस बार पहली बार वोट दूंगा और बहुत दिनों से जो राम मंदिर का मुद्दा रुका हुआ था व मोदी जी ने राम मंदिर बनवाया और हमें रामलला का मंदिर देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इसलिए मैं मोदीजी के ही समर्थन में हूं। वहीं



चैनपुर निवासी 20 वर्ष **अंकित कुमार** ने कहा कि मैं इस बार अपना पहला मत दूंगा और मेरा समर्थन मोदी जी को ही जाएगा। जो युवाओं को नए-नए स्टार्टअप करने के लिए युवाओं को प्रेरित करते हैं। 70 वर्षीय किसान **अनिरुद्ध प्रसाद** ने कहा कि पहले बहुत बम विस्फोट होता था, आप देख लीजिए कांग्रेस के राज में ही मुंबई ताज होटल में अटैक हुआ। जब से मोदी जी आए हैं तब से हम लोग आतंकवाद और नक्सली से मुक्त हो गए है । इसके बदले रूखे सूखे खाना भी खाए तो हमे भाजपा मंजूर है। अनिरुद्ध प्रसाद ने कहा कि एक कोख से पैदा हुए दो भाई आपस में गठबंधन नहीं कर पा रहें हैं तो इतनी सारी पार्टियां एक साथ कैसे गठबंधन कर पाएंगी। इंडी गठबंधन अगर सत्ता में आती है तो कुछ ही दिनों में सरकार गिर जाएगी। वहीं दर्जी का काम कर रहे 45 वर्षीय **मो. अताउल्लाह** ने कहा कि हम भाजपा को अपना मत देगें, प्रधानमंत्री का नारा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर प्रधानमंत्री ने खरा उतरने का काम किया है इसलिए हम मोदी को ही समर्थन करेंगे। मोदी हमारे लिए खाने के लिए राशन, रहने के लिए घर और शौचालय और गैस भी दिया, इसलिए हम मोदी जी के ही साथ हैं। वहीं चैनपुर के 28 वर्षीय **अमित गुप्ता** ने कहा हमारे लिए बहुत सौभाग्य का बात है कि हमारे सांसद एक पूर्व आईपीएस है। हम इस बार भाजपा को समर्थन कर रहे है। इस बार 400 पार कर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनायेंगे। रामगढ़ निवासी मजदरी काम करने वाले 45 वर्षीय **अशोक प्रसाद** ने कहा कि हमारा वोट मोदी जी को ही जाएगा मोदी जी ने देश हित में बहुत सारे काम किए हैं और सिर्फ गरीबों के लिए सोचा है देश में अगर मोदी जी फिर से आएंगे तो इस बार मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वहीं कुण्ड मुहल्ला में रहने वाले 50 वर्षीय सुनील कुमार ने कहा कि मोदी जी ने कार्य अच्छा तो किया है। लेकिन समाज में सांप्रादायिक तनाव बढ़ा हैं। इसलिए हम इस बार दूसरे विकल्प की तलाश में हैं। बाजार क्षेत्र में रहने वाली सत्तर वर्षीय आरती कुमारी ने कहा कि मैं कई वर्षों से मतदान कर रही हूं। इस बार भी मैं सोच समझ कर ही मतदान करूंगी। अभी मैं यह निर्णय नहीं कर पा रहीं हूं। किसे मत दूं। मेरी नजर में सभी पार्टियां अच्छी हैं और सभी देश का भला चाहती हैं।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार तीन मई को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित ऑटो स्टैंड में मजदूर,ऑटो चालकों, वरिष्ठ लोगों के बीच चियांकी हवाई अड्डा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के आगमन पर स्वागत को लेकर आपसी विचार विमर्श एवं रणनीति तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी का पलामू की धरती पर आगमन होने जा रहा है। हम तमाम मजदूर नौजवान सभी बड़े एवं छोटे वाहनों के चालक भाइयों से अपील है कि उनके



कार्यक्रम को सफल बनायें। बहुत ही गर्व की बात है कि मोदी जैसे प्रधानमंत्री हमारे राष्ट्र को मिला है। इसलिए तमाम मजदूर नौजवान किसान ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर ऐतिहासिक स्वागत करें। इस अवसर पर समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, रमाकांत दुबे, शिवम कुमार, रामानुज पांडे, राशिद तबरेज, नागेंद्र गुप्ता, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## मेडिकल कॉलेज में केबल जलने से विद्युत आपूर्ति बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज का प्रशासनिक भवन ,कक्षाएं, प्रयोगशाला, छात्र और छात्राओं का अलग-अलग सात मंजिला छात्रावास बिजली आपूर्ति बंद है। बताया जाता है कि 11000 वोल्ट के केबल के कुछ हिस्सा शुक्रवार को अचानक जल गया । 11000 वोल्ट का यह केबल मेडिकल कॉलेज के प्रवेश द्वार के बाहर एक ट्रांसफार्मर से जुड़ा है। इस केबल के कुछ हिस्से के जल जाने से पूरा मेडिकल कॉलेज का प्रशासनिक भवन, कक्षा , प्रयोगशाला, हॉस्टल में बिजली आपूर्ति बंद है। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के कार्यालय के एक कर्मी दीपक कुमार पांडे ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के लोगों ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिलकर मेडिकल कॉलेज में बिजली ठीक कराने की मांग की है । विभाग से एक कर्मी और मिस्त्री ट्रांसफार्मर को देखने के बाद बताया कि एक वैकल्पिक व्यवस्था की कोशिश की जाएगी पर यह कितना कामयाब होगा यह कहना मुश्किल है, क्योंकि यदि ट्रांसफार्मर से मेडिकल कॉलेज ,कक्षा ,प्रयोगशाला और छात्रावास में बिजली पहुंचाने में 4 से 5 लाख खर्च होने की आशंका है। वहीं बिजली के ना रहने से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई लिखाई ठीक से नहीं हो पा रही है और ना ही नींद पूरी हो रही है। पानी की सप्लाई में भी परेशानी होगी। खबर लिखे जाने तक मेडिकल कॉलेज की प्रशासनिक भवन और दोनों छात्रावास में बिजली नहीं है।



## प्रधान मंत्री के आगमन को लेकर शहर के विभिन्न होटलों की जांच की गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट है। मेदिनीनगर शहर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी देवदत्त पोद्दार के निर्देश पर टीओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने अपने क्षेत्र के होटल क्राउन प्लाजा,ब्लूबर्ड, चंद्रा की गहनता पूर्वक जांच किया।वही टीओपी वन,टीओपी टू प्रभारी के द्वारा शहर के तमाम होटलों की गहनता पूर्वक जांच की।जांच के क्रम में होटलों में ठहरने वाले लोगों की रजिस्टर में इंट्री देखी गई। उन्हें ठहराने के लिए समुचित प्रक्रिया का पालन किया गया है या नहीं इसकी भी जानकारी ली गई। कमरा बुक कराने के लिए पहचान आईडी ली गई है या नहीं यह भी जांचा किया गया। होटलों में सीसीटीवी की व्यवस्था है या नहीं यह सब देखा गया। रजिस्टर मेंटेन नहीं होने को लेकर कई होटल संचालकों को पुलिस कर्मियों ने सख्त चेतावनी भी दी और कहा कि अगली बार से रजिस्टर मेंटेन नहीं पाया गया तो होटल संचालक के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही जिन होटलों में सीसीटीवी कैमरा खराब पाया गया उन होटल चालकों को सीसीटीवी कैमरा ठीक करवाने की सलाह दी गई। वहीं पुलिसकर्मियों द्वारा होटल में ठहरे लोगों की बैग और पहचान पत्र भी जांच की गई। मौके पर टीओपी 1,2,3 प्रभारी, टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह, रोहित कुमार, परवेज खान, सहायक पुलिस प्रफुल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### मजदूर दिवस पर मनरेगा के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** मजदूर दिवस के अवसर पर रामगढ़ प्रखंड के कोकाडू विद्यालय परिसर में नागरिक सहायता केंद्र के द्वारा मजदूरों की जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मनरेगा से जुड़े मजदूर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मजदूरों के हक में बनाए गए कानून मनरेगा से संबंधित प्रावधानों की चर्चा मनरेगा मजदूर नेता अनिल गुड़िया ने की। उन्होंने कहा कि सरकार ने मजदूरों को 100 दिन का रोजगार गांव में ही देने की गारंटी करता है। अगर कोई मजदूर काम की मांग करता है और उसे काम नहीं मिलता है तो उस मजदूर को कानून के अनुसार बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है।

## ट्रैक्टर से 23 लकड़ी का बोटा बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसाड़ रेंज के चेतमा के बंधुआ गांव से गुरुवार की रात लकड़ी से लदे एक ट्रैक्टर और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। बरामद लकड़ी का 23 बोटा मिला है, जिसमें से तीन पेड़ तस्करों के द्वारा काटा गया है और तीन पेड़ ऐसे थे जो आंधी तूफान के कारण गिरे हुए थे। उन्हें भी तस्करों ने काट कर बोटा बना दिया। जिन पेड़ों को काटकर बोटा बनाया गया उनमें बहेरा ,सखुआ , जामुन इत्यादि की लकड़िया शामिल है। तस्करों द्वारा बरामद लकडियों की बाजारी कीमत पांच लाख रुपए के आसपास है। प्रभारी वनपाल परमजीत तिवारी ने बताया कि एक सप्ताह पहले गुप्त सूत्रों के अनुसार सूचना मिली थी कि कुछ लोग बारेसाड रेंज के चेतमा के बंधुआ गांव में एक ईट भट्ठा बना है वहां ईट को पकाने के लिए जंगल से लकड़ी लाने वाले हैं। इस सूचना को पाकर 10 आदमी की एक टीम बनायी गई। यह टीम शाम में बारेसाड़ से 20 किलोमीटर लंबी दूरी तय करके छत्तीसगढ़ बॉर्डर के पास बंधुआ गांव के लिए रवाना हुई। टीम जंगल में आवाज के सहारे घटना वाली जगह पर दस बजे रात को वहां पहुंची। वहां से ट्रैक्टर और चार लकड़ी तस्करों को गिरफ्तार कर सुबह के लगभग 4:00 बजे वापस बारेसाड़ रेंज कार्यालय लाया गया। वहीं आठ तस्कर घटनास्थल से जंगल और रात के अंधेरे का फायदा भाग गए। प्रभारी वनपाल ने बताया के गिरफ्तार लोगों में भागेश्वर यादव, निरोज यादव , आशिक अंसारी, सरफ्फुदीन अंसारी सभी समरी छत्तीसगढ़ के हैं। वहीं तीन तस्कर स्थानीय है जबकि एक छत्तीसगढ़ का रहनेवाला है । चारों लोगों पर फॉरेस्ट एक्ट ऑफ और वाइल्ड लाइफ एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। टीम में सम्मिलित लोग परमजीत तिवारी इंचार्ज फॉरेस्टर बारेसाड़, निर्भय सिंह इंचार्ज फॉरेस्टर कुजरूम, चंदन पांडेय, अरुण सिंह ,विशाल सिंह और अन्य कर्मी भी शामिल थे।

## अतुल कुमार अंजान के निधन पर इप्टा एवं पत्रकार संगठन ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान का निधन शुक्रवार को हो गया। वे लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। उनका इलाज लखनऊ के मेयो अस्पताल में चल रहा था। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन से की थी। उसे वक्त उनकी उम्र मात्र 20 वर्ष थी। वह लगातार चार बार लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट भी रहे। छात्र जीवन के बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से उनका जुड़ाव हो गया जो लगातार उनके अंतिम जीवन काल तक बना रहा। अतुल कुमार अंजान की क्रांतिकारिता विरासत में मिली थी। उनके पिता एप सिंह स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ने के बाद वर्तमान में किसानों की समस्याओं को लेकर निरंतर आंदोलन करते रहे। आंदोलन के दौरान उन्हें 9 महीने तक जेल की यात्रा भी करनी पड़ी। उनकी अंत्येष्टि शनिवार को की जाएगी। उक्त बातें अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह ने बताया। अतुल कुमार अंजान के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए केडी सिंह लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं। केडी सिंह ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अतुल कुमार अंजन के निधन से किसानों के आंदोलन और कम्युनिस्ट आंदोलन को बहुत बड़ी क्षति हुई है। उनके निधन पर इप्टा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उपेंद्र कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार, पलामू इप्टा जिला सचिव रवि शंकर सहित तमाम रंगकर्मियों ने शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि अतुल कुमार अंजान के निधन से वामपंथी और संस्कृतिक आंदोलन को क्षति हुई है। साथ ही झारखंड पत्रकार संगठन के अध्यक्ष अश्विनी कुमार घई, महासचिव विनोद कुमार एवं कोषाध्यक्ष रमाकांत प्रसाद ने शोक व्यक्त किया है।



### श्री सर्वेश्वरी समूह ने आबादगंज में खोला पनशाला

## सेवा से आत्मिक सुख की होती है प्राप्ति : वृजेन्द्र शाही

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह की डालटनगंज शाखा द्वारा आबादगंज में स्थित त्रिवेणी नर्सरी परिसर में पनशाला खोला गया। परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और गुरूपद संभव राम जी की पूजा अर्चना कर समूह के वरिष्ठ सदस्य वृजेन्द्र नाथशाही ने पनशाला की शुरूआत की। मौके पर श्री शाही ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह अध्यात्म के साथ- साथ सेवा क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हो कर कार्य कर रहा है। सेवा कार्य में लगे लोगो को आत्मिक संतुष्टी मिलती है.सभी को अपने सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्य करना चाहिए।इस तरह के कार्य से समाज के अंदर सेवा भाव का बेहतर वातावरण तैयार होता है। परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम ने समूह की स्थापना कर लोगों को सेवा कार्य से जोडा और निरंतर मानव की सेवा में लगे रहने का संदेश दिया,जिसे आत्मसात कर समूह के लोग सक्रियता के साथ सेवा कार्य में लगे है। व्यवस्थापक योगेन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि मेदिनीनगर शहर में समूह द्वारा अब तक दो पनशाला की शुरूआत की गयी है। आगे और भी पनशाला खोले जायेंगे, ताकि आमजनों को राहत मिले। मौके पर स्थानीय शाखा के उपाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा,मंत्री प्रताप नारायण शाही आदि मौजूद थे।




## होम वोटिंग के जरिये लोगों से घर में ही करवाया जा रहा मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान करवाने की कवायद शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में 2 मई से ही जिले में होम वोटिंग की प्रक्रिया प्रारंभ है जिसमें बीते गुरुवार को होम वोटिंग के तहत पलामू जिले में कुल 124 वोटर्स ने अपना मतदान अपने घर में ही किया। ज्ञातव्य है कि जिले के वैसे मतदाता जिनकी उम्र 85+ है व दिव्यांग मतदाता जो चलने-फिरने में असमर्थ है । उन्हें भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से 12 डी फॉर्म के माध्यम से घर में ही मतदान कराने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। होम वोटिंग के माध्यम से जिले में कुल 478 मतदाताओं से मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है। इधर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन शुक्रवार को हेरिटेज स्कूल में जारी मतदान का जायजा लिया। यहां मतदान कार्य में लगे कर्मियों से मतदातान करवाया जा रहा है जो 6 मई तक चलेगा। इसके अतिरिक्त गिरिवर स्कूल में भी मतदान कराया जा रहा है वहीं पुलिस लाइन में 7 से 9 मई को भी मतदान कराया जायेगा।



### इलेक्शन थीम आधारित दो दिवसीय फूड फेस्टिवल आज और कल

**मेदिनीनगर।** लोस चुनाव 2024 में अधिकाधिक लोगों को मतदान करवाने के उद्देश्य से शनिवार व रविवार को शहर के शिवाजी मैदान में दो दिवसीय फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा। इसमें कुल 34 अलग-अलग फूड फेस्टिवल लगाया जायेगा। साथ ही आईपीएल देखने को लेकर बड़ा टीवी स्क्रीन भी लगाया जायेगा। यहां शहर के लोग खाना व साथ में आईपीएल का भी मजा ले सकेंगे। इस कार्यक्रम का पूरा थीम मतदाता जागरूकता पर रहेगा। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा किया जायेगा।

**पोस्टर विमोचन** अभाविप ने महिला कॉलेज में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

# चुनी गयी सरकार से ही हमारे लोकतंत्र की पहचान है : गीताजंलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के के द्वारा योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज अध्यक्ष सुरभि ठाकुर की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं एवं सामान्य जनों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाता जागरण अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गीतांजलि कुमारी ने कहा कि भारत ने अपनी सफल निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के सफल संचालन का परिचय कराया है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था द्वारा चुनी गयी सरकार से ही हमारे लोकतंत्र की पहचान है। मतदाताओं की जागरूकता एवं भारत की चुनाव प्रक्रिया ही हमें और मजबूती देगी। हम अपना वोट डालकर केवल सरकार या प्रतिनिधि नहीं चुनते, बल्कि भारत की दिशा तय करते हैं। एबीवीपी द्वारा इस चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरण पोस्टर का वितरण, नुक्कड़ नाटक, मतदान का महत्व जैसे विषयों पर चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज उपाध्यक्ष सपना पांडे ने कहा कि मत का उपयोग लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाता है। इसलिए आगामी चुनाव में हम सब परिवार वोट डालने जाएं एवं सशक्त सरकार के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें इस अवसर पर मूख्य रूप से खूशी कूमार, सोनाली कूमार, काजल तिवारी, रौशनी कुमारी श्रद्धा कुमारी आदि दर्जनों छात्राएं उपस्थित थी।



### पुलिस लाइन में तैनात हवलदार की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस लाइन में गुरुवार की दोपहर बाथरूम जाने के क्रम में हवलदार 59 वर्षीय श्याम सोरेन बाथरूम में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।इ सके बाद पुलिस लाइन में तैनात जवानों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष जय प्रकाश पूरी, दितीय उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, मंत्री लल्लू उरांव, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार, सहित अन्य पुलिस कर्मी सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में मृतक हवलदार का पोस्टमार्टम करवाकर उसे सरकारी वाहन से घर भेज दिया।

## एक नजर

### पूर्व चौकीदार का निधन, शोक

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह गांव निवासी पुर्व चौकिदार झाउल पासवान (85) का निधन गुरुवार की रात्रि में हो गई। उनकी अंतिम संस्कार शुक्रवार को गांव के ही पंडा नदी तट पर किया गया। मुख्य अग्नि उनके बड़े पुत्र चौकीदार नयन पासवान ने दी। पुर्व चौकीदार झाउल पासवान भवनाथपुर थाना में चौकीदार पद पर पदस्थापित थे। उनका कार्य क्षेत्र मुकुन्दपुर और परसोडीह था। वो 1995 में सेवानिवृत्त हुए थे। इनके निधन से गांव में शोक की लहर है।अंतिम संस्कार में जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, पुर्व मुखिया अनील पासवान, मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर पासवान, शिव नाथ पासवान, नागेन्द्र ठाकुर, सतेन्द्र गुप्ता, संजय वर्मा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### टूटे दो नल, पेयजल की हुई किल्लत

**केतार।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय सिंहपुर में जल- नल योजना के तहत लगया गया नल गिरने से लोगो को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सिंहपुर निवासी चंदन सिंह ने बताया कि इस विद्यालय में जल-नल योजना के तहत दो जगहों पर पाइप बिछाकर कर नल लगाया गया था। लेकिन चार दिन पूर्व दोनों नल भरभरा कर गिर गया। जिससे पेयजल के लिए छात्रों, शिक्षकों सहित अन्य लोगो को काफी दिक्कत हो रही है। इस विद्यालय में एक चापानल है लेकिन इससे पानी योग्य नही है जिससे छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय विद्यालय कर्मी धन्नजय तिवारी, रामकुमार राम,चंदन सिंह ने इसे पुनः बनाने की गुहार लगाई है। ताकि पेयजल की समस्याओं से निजात मिल सके।

### आग लगने से लाखों रुपये का हुआ नुकसान

**मेराल ।** थाना क्षेत्र के बाना गांव में बीते गुरुवार की देर शाम रामु प्रसाद यादव पिता दशरथ यादव के घर के एक हिस्से मे अचानक आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। आग लगने से गाय का बांधने एवं चारा रखने वाला घर तथा अनाज रखने का हिस्सा पुरी तरह जल गया। जबकि एक गाय भी जो बगल में बंधी हुई थी वह भी झुलस गई। आग लगने के बाद हल्ला गुहार करने पर काफी संख्या में लोग जुट गए तब तक घर का एक हिस्सा पूरी तरह जल गया था। ग्रामीणों के सूझबूझ से रामू यादव के रहने वाला घर को बचा लिया गया। ऐसी स्थिति में मुख्य घर जल जाने पर कई लाख की संपत्ति के नुकसान हो जाती। आग लगने एवं उससे हुए नुकसान को लेकर रामु प्रसाद यादव द्वारा अंचल अधिकारी मेराल एवं थाना प्रभारी मेराल को लिखित आवेदन दिया गया है।

### पलामू में इंडी गठबंधन की जीत सुनिश्चित : देव



**श्री बंशीधर नगर ।** लोकसभा चुनाव में पलामू से इंडी गठबंधन के जीत सुनिश्चित है। साथ ही केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनेगी। उक्त बातें पूर्व विधायक सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज राजेंद्र प्रताप देव ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा। श्री देव ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार को जनता ने 10 सालों तक मौका दिया। इन 10 सालों में जनता अपेक्षा करती थी। कि मोदी सरकार युवाओं, बेरोजगारो, गरीबों, शोषितों, वंचितों, किसानों के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लगाया हुआ एक भी उद्योग पलामू सहित इन क्षेत्रों में दिखला दिया जाए। बिना उद्योग के जनता एवं आम लोगो को रोजगार कैसे मिलेगा। मौके पर मोबिन अंसारी, अब्दुल मलाल, जयप्रकाश पांडेय, साकेत सिंह, कृष्ण मुरारी सिंह, उपेंद्र राम सहित अन्यलोग उपस्थित थे।

# मेराल व रंका के झामुमो कार्यकर्ताओं ने लिया प्रत्याशी को जीताने का संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर शुक्रवार को झामुमो के बूथ एवं पंचायत प्रभारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में रंका एवं मेराल के बूथ प्रभारियों एवं पंचायत प्रभारियों को लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक वोट दिलाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पार्टी के सभी पदाधिकारियों, प्रभारियों एवं कार्यकताओं ने पलामू लोकसभा सीट से महागठबंधन प्रत्याशी को जीताने का संकल्प लिया। मौके पर सभी बूथ कमिटी को प्रत्येक गांव एवं पंचायत में डोर टू डोर कैंपेनिंग करने, मतदाताओं को जागरूक करने, बूथ कमिटी के लोगों का चुनाव करने आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि भाजपा का समय अब समाप्त हो चुका है। जनता भाजपा के शासन से उब चुकी है। पलामू लोकसभा सीट से महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के जिला सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, आशीष अग्रवाल, केंद्रीय सदस्य शरीफ अंसारी, शंभु राम, राजकिशोर यादव, ज़िला उपाध्यक्ष विकास कुशवाहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, सचिव अतहर अली अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष सुडू प्रसाद, सचिव राजेश बैठा, रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, दीपक सोनी, जैनूल्ला अंसारी, कुमार गुलाब सिंह, रौशन पाठक, अराधना सिंह सहित दोनों प्रखंडों के पंचायत प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बैठक में वक्ताओं ने की केंद्र में स्थापित भाजपा सरकार की कमियों पर चर्चा



गढ़वा ।लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को जीताने को लेकर बाजार परिसर में कार्यकताओं के साथ बैठक में चर्चा की गई। कार्यकताओं ने इंडी गठबंधन के आगंतुक नेता में झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शैलेश चौबे, राजद नेता अभय कुमार पाण्डेय, डा.परवेज आलम आदि का स्वागत किया गया। इस मौके पर एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में वक्ताओं ने केंद्र में स्थापित भाजपा सरकार की कमियों पर चर्चा किया। उपस्थित लोग में जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेता धर्मराज पासवान, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, नवल-किशोर यादव, जगरनाथ पाल, श्याम सुंदर राम,समसुदीन अंसारी, शिवकुमार यादव, मुक्तेश्वर पाण्डेय,रामगहन मेहता, कृष्णा प्रसाद आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## हाईकोर्ट के निर्देश पर कांडी थाने के दो कमरे सील




**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी ।** थाना परिसर में शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय डब्लू पीसी नंबर 2532/2021के निदेर्शानुसार माननिय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के विविध आदेश के अनुसार आदेश संख्या 132/2024 दिनांक 03/05/24 के पारित आलोक में कांडी थाना में स्थिति आउट पोस्ट ओ पी को स्थानीय गवाहों के समक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के नाजीर दीपक कुमार के द्वारा एक भवन के दो रूम शिल किया गया। ताकि इस परिसर में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा,इस पुरे परिसर की देख रेख की जिम्मेदारी कांडी थाना के प्रभारी गुलशन कुमार गौतम को तत्काल प्रभाव से दिया गया है विदित हो कि इस कांड के वादी अजय कुमार सिंह द्वारा उच्च न्यायालय में फरियाद याचिका में वर्णित खाता 206 प्लौट संख्या,78, रकबा 05 डी0 का मामला अगले आदेश तक उच्च न्यायालय के विचाराधीन है, मौके पर कांडी अंचलाधिकारी मोहम्मद अफताब आलम, सीआई, जगरनाथ मांझी, न्यायालय, क्लर्क महेन्द्र राम,थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय,बीस सूत्री अध्यक्ष चन्द्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय, कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद,बीडीसी प्रतिनिधि अनूप पासवान, विनोद राम, कन्हाई पासवान के अलावें अन्य कई लोग मौजूद थे।

## लड़की की शादी में आर्थिक रूप से की मदद



**भवनाथपुर ।** भवनाथपुर प्रखंड के पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह समाजसेवी ब्रजेश कुमार सिंह सिंह ने पंचायत के ढेकुलिया टोला निवासी एक गरीब लड़की की शादी में आर्थिक रूप से मदद दी है। पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ने शादी में लड़की के पिता रामकिशुन ठाकुर को पांच हजार एक सौ रुपये की आर्थिक सहायता की। मौके पर पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने बताया कि गरीब असहाय रामकिशुन ठाकुर का परिवार आर्थिक तौर पर कमजोर है, तथा परिवार ने सामाजिक तौर पर मुझसे अपनी बेटी की शादी में मदद की गुहार लगाई थी। गरीब लड़की की शादी में मदद करने पर ग्रामीणों ने समाजसेवी सह पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह का आभार जताया है।

## कामेश्वर बैठा ने किया छपरदगा भिखही सहित कई गांवों का भ्रमण



**गढ़वा ।** बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व सांसद माननीय कामेश्वर बैठा ने तूफानी दौरा करते हुए बेलचम्पा, मेढ़ना पिपरा डुमरिया गांगी गरनाहा कुड़ी कामता कोरटा डंडा मोतीहारा छपरदगा, भिखही सहित अनेकों गांव का भ्रमण किया एवं बहुजन समाज पार्टी के चुनाव चिन्ह हाथी छाप पर वोट देने की अपील किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूर्व प्रत्याशी गढ़वा विधान सभा वीरेंद्र साव जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम, जिला महासचिव शिव शंकर मेहता, नथुनी राम, वाहिद अंसारी ज्ञानी रामभूपेंद्र चौधरी टन टन चौधरी, प्रमोद चौधरी इंजीनियर रंजित कुमार मो वली रहमान सहित कई लोग उपस्थित थे। क्षेत्र दौरान कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र विकास से कोसो दूर है विकास नहीं होने के कारण आज भी लोग मुख्यधारा से भटके हुए हैं उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने के उद्योग धंधे लगाने होंगे, हर खेत को पानी हर हाथ को देना होगा और वह लड़ाई पलामू के लाल ही कर सकता हैं।

## थानेदार ने किया मतदाताओं को जागरूक



मतदाताओं को जागरूक करते थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी व अन्य।

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी ।** लोकसभा चुनाव को लेकर खरौंधी थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी एवं सीआरपीएफ के पुलिस जवानों ने प्रखंड़ के चंदनी, बजरमरवा, करिवाडीह तथा अरंगी में मतदाताओं को जागरूक किया। बुधवार की सुबह थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी उक्त पंचायत में मतदाताओं से मिलकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील किया। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने मतदाताओं से कहा मतदान के दिन पूरी तरह पुलिस प्रशासन आपके साथ है।आप किसी के दबाव में आये बिना निडर होकर मतदान करें।अगर किसी पार्टी के लोग चुनाव में आपको किसी तरह का प्रलोबन देकर मतदान करने के लिए दबाव बनाते हैं तो आपलोग प्रशासन को बताएंगे। प्रशासन ऐसे लोगो पर कड़ी कार्रवाई करेगी।उन्होंने कहा देश में लोकतंत्र के महापर्व चल रहा है। ऐसे में हम सभी को निष्पक्ष होकर मतदान करने की जरूरत है। ताकि क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो सके। ऐसे में आप सभी निर्भिज्ञ होकर सुबह से ही मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करना शुरू कर दे। थाना प्रभारी ने कहा मतदान करना आपका अधिकार है। आपके ही एक वोट से कोई मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनता है। इसलिए जिस दिन चुनाव हो उस दिन आप बूथ पहुंचकर वोट निश्चित रूप से करे। वहीं थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी के साथ सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर एवं पुलिस के जवानों ने भी मतदाताओं से एक-एक कर मिलकर मतदान करने की अपील किया।

## भाजपा विधायक भानु ने चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में बनाई रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा) ।** भवनाथपुर विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने खरौंधी प्रखंड के मझिगावां, राजी, सुंडी, करिवाडीह, चंदनी पंचद्यात में बूथ स्तरीय कार्यकताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव पर चर्चा किए। शुक्रवार की सुबह विधायक भानू प्रताप शाही राजी बाजार पहुंच सभी कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। इसके पश्चात सुंडी पंचायत के लिए प्रस्थान कर गए। राजी में विधायक भानू प्रताप शाही ने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने को लेकर मतदाताओं, पंचायत स्तरीय कार्यकताओं, बूथ अध्यक्ष के साथ रणनीति तैयार की। वही 4 मई को पलामू चियांकी हवाई अड्डा में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगो को भाग लेने का अपील किया। इसके अलावे विधायक भानू प्रताप ने प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किये गए कार्यों एवं उपलब्धि को गिनाते हुये 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। इस दौरान राजी पंचायत संयोजक डॉ. वीके सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकृपाल दुवे, मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री इग्नासुस बाड़ा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, प्रखण्ड संयोजक विनोद कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, सुनील रोशन, कलामुद्दीन अंसारी, राजेश गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, भगवान दत्त मेहता, मनोज कुमार सोनी, नंद किशोर मेहता, अमर प्रताप मेहता सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।



### हंगामे की सूचना मिलने पर डीसी शेखर जमुआर पहुंचे गोविंद हाई स्कूल

# बूथ 81 पर वोटिंग के दौरान अव्यवस्था के खिलाफ शिक्षकों ने जमकर किया हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** गोविंद हाई स्कूल में मतदान कर्मियों का वैलेट पेपर से हो रही है। मतदान के दौरान अव्यवस्था के खिलाफ शिक्षकों ने जमकर हंगामा किया। ब्लैक पेपर से मतदान करने पहुंचे शिक्षकों ने कहा कि कई घंटे से हम सभी मतदान के लिए लाइन में खड़े हैं। उसके बाद भी अब तक मतदान नहीं कर सके हैं। शिक्षकों ने कहा कि केंद्र पर मुकम्मल व्यवस्था नहीं रहने के कारण उन्हें घंटा लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। 81 विधानसभा क्षेत्र से मतदान करने पहुंचे शिक्षकों ने कहा की मात्रा एक ही जगह पर मतदान हो रहा है उसके कारण मतदान का कार्य तेजी से नहीं चल रहा है और शिक्षकों को इस गर्मी में लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। शिक्षकों के हंगामा की सूचना मिलने पर गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर गोविंद हाई स्कूल स्थित 81 मतदान केंद्र पर पहुंचे। जहां शिक्षकों को उन्होंने समझाते हुए अगले दिन से अलग-अलग जगह पर स्टाल बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मी को मतदान करने में परेशानी नहीं होगा अगले दिन से दो-तीन इंस्टॉल लगाकर मतदान कार्य कराया जाएगा।

## लोगों ने युग निर्माण योजना को गढ़वा जिले में घर-घर तक पहुंचाने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की गढ़वा जिला इकाई की एक जिलास्तरीय गोष्ठी मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोनी की अध्यक्षता में बीएसकेडी पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई। इसमें शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया। इसमें विनोद पाठक को पुनः जिला समन्वयक एवं अजीत कुमार चौबे को उप समन्वयक बनाया गया। इसी तरह से सातो आंदोलन के प्रभारियों का चयन किया गया। इसमें डॉ आलोक रंजन दूबे को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का संयोजक, अखिलेश कुशवाहा को उप संयोजक, शोभा पाठक को जिला महिला समन्वयक, अनिता देवी नगरउंटारी को उप समन्वयक, वीरेंद्र सोनी को जिला युवा समन्वयक, अनिल विश्वकर्मा को उप समन्वयक, अनिता देवी गढ़वा को आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी का जिला समन्वयक, सरिता तिवारी को उप समन्वयक, मीना कमलापुरी को गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ व उपासना का जिला समन्वयक व मीरा केसरी को उप समन्वयक, संजय कुमार सोनी को सातो आंदोलन का प्रभारी व ललसू राम को उप प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने युग निर्माण योजना को गढ़वा जिले में घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## न्यूज बॉक्स

### चिह्नित मतदाताओं ने बैलेट पेपर से की होम वोटिंग



**केतार।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के बलीगढ़ पंचायत में दिव्यांग और 85 वर्ष की आयु पार करने वाले चिन्हित दो मतदाताओं को होम वोटिंग के द्वारा बैलेट पेपर से मतदान कराया गया। बलीगढ़ पंचायत की चेचरिया गांव के मतदान केन्द्र संख्या 68 पर मतदाता दुखी यादव (102) वर्ष और दासीपुर गांव के मतदान केन्द्र संख्या 64 पर महिला बुजुर्ग मतदाता मनव्रत कुंवर (92) वर्ष को बैलेट पेपर से मतदान कराया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने बताया की प्रखंड में कुल चार चिन्हित मतदाता हैं। इनमें दो लोगों से बैलेट पेपर से मतदान करा लिया गया। दो मतदाता से 4 अप्रैल को होम वोटिंग कराया जायेगा। इस मौके पर दंडाधिकारी विरेन्द्र तिवारी, पोलिंग आफिसर उपेंद्र कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, बीएलओ अनीता देवी, जितेन्द्र कुमार, एसआई विजय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### मुखिया प्रतिनिधि ने विद्युत ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के खोनहर गांव में मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने फीता काट कर विधुत ट्रांसफार्मर का उद्धाटन किया। मुखिया ने बताया कि विगत कई महीनो से खोनहर गांव में ट्रांसफार्मर होने से लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। अविलंब ट्रांसफार्मर का व्यवस्था कराकर लगाया गया। अब लोगों को अंधेरे से मुक्ति मिलेगी और खेती सिंचाई करने में सहुलियत होगी। मौके पर रमेश राम, मनीष कुमार गुप्ता, सिकंदर गुप्ता ,सरवन गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मतदाता जागरूकता रैली का किया गया आयोजन




**श्री बंशीधर नगर ।** राष्ट्रीय सेवा योजना तहत मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली निकाला गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से चलकर गोद लिए हुए गांव नरखोरिया कला (हुलहुला खुर्द पंचायत) में समापन किया गया।इस रैली का मुख्य उद्देश्य 13 मई 2024 को पलामू संसदीय क्षेत्र में होने वाले आम चुनाव को एक एक मतदाता सुबह सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक अपने मत का प्रयोग करें।कोई मतदाता छुटे नहीं। एन एस एस स्वयंसेवक श्रेया कुमारी, निशा कुमारी ने मतदाता जागरूकता हेतु स्लोगन का उद्घोष कर रहें थे। पहले मतदान करें फिर अन्य कार्य करें। मतदान प्रतिशत हर हाल में बढे।कोई मतदाता छुटे नहीं।उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य कमलेश कुमार , राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. महमूद आलम, प्रो.मीरा कुमारी, प्रो.माधुरी कुमारी, प्रो.अनीता कुमारी सहित एन एस एस स्वयंसेवकों, अन्य छात्र- छात्राएं शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में महागठबंधन के नेताओं ने ममता भुईयां को वोट देने की अपील की



**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में शुक्रवार को महागठबंधन पार्टी के नेताओं की उपस्थिति में प्रखंड स्तरीय कार्यकताओं की बैठक हुई। पुरानी बाजार स्थित जगदीश सोनी के आवास पर आयोजित बैठक में राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी, अभय कुमार पांडेय, राजद प्रखंड अध्यक्ष सुभाष मेहता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष श्याम कुमार सिंह के साथ-साथ हजारों से भी अधिक की संख्या में गठबंधन पार्टी के महिला व पुरुष कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में भाग लिए नेताओं के द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी व पलामू की बेटी ममता भुइयाँ के बारे में लोगों को विस्तृत ढंग से बताया गया। साथ ही उन्हें जीत दिलाने को लेकर सभी लोगों को अभी से ही कमर कस लेने की बात कही गई। कार्यक्रम में भाग लेने जाने वाले प्रखंड के लोगों से उस बारे में प्रधानमंत्री से सवाल-जवाब करने की उन्होंने लोगों से अपील किया। मौके पर उमेश सिंह, साबिर अंसारी, चंद्रशेखर प्रसाद, आनंद प्रकाश, नंदू यादव, सुनील यादव, सनी कुमार,अरविंद पासवान, जामवंत भुइयाँ इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### खाद्यान्न गबन के आरोप में डीलर शफीक अंसारी पर प्राथमिकी हुई दर्ज

**डंडाई ।** थाना क्षेत्र के डंडाई व बैरिया दामर गांव के जनवितरण दुकानदार सफीक अंसारी को गरीबों का खाद्यान्न गबन करना उस समय भारी पड़ गया जब मंगलवार के दिन सीओ सह एमओ जसवंत नायक ने स्थानीय थाना में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दिया। इस दौरान उनके द्वारा12 टन यानी 240 बोरा खाद्यान्न गबन करने को लेकर थाना में प्राथमिक दर्ज कराया गया है। वही एमओ के लिखित आवेदन पर थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने सुसंगत धाराओं के साथ डीलर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया। मालूम हो कि खाद्यान्न गबन से जुड़े मामले की जांच एम ओ के द्वारा सीआई राजेंद्र यादव से कराई गई थी। सीआई के जांच रिपोर्ट के आलोक में ही एम ओ की ओर से मामले में अग्रेतर करवाई की गई है। एमओ की कार्रवाई से क्षेत्र के माफिया तपके के जन वितरण दुकानदारों के बीच दहशत का माहौल बन गया है। 100 ग्राम प्रति किलो खाद्यान्न की कटौती भी एक गबन के समान है। प्रत्येक माह गरीबों की खाद्यान्न में प्रति किलो 100 ग्राम की जो दुकानदारों के द्वारा कटौती कर लिया जा रहा है उस पर भी एमओ को ध्यान देने की जरूरत है ।क्षेत्र के डंडाई गांव में इसे आम तौर पर देखा जा रहा है ।डंडाई गांव के सभी जन वितरण दुकानदारों के द्वारा लाभुकों के खाद्यान्न में प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती कर ली जा रही है। थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने कहा कि मामले को लेकर सीओ सह एम ओ जसवंत नायक के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। उसी के आलोक में डीलर के खिलाफ सुसंगत धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

